# प्रस्तावना

मनुष्य के लिए अच्छे स्वास्थ्य का होना अत्यन्त आवश्यक है। एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है। दूसरे शब्दो में स्वस्थ मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर का होना अनिवार्य है। रूग्ण शरीर, रूग्ण मानसिकता को जन्म देता है। वैदिक काल से ही हमारे पूर्वजों ने 'निरोगी काया' अर्थात स्वस्थ शरीर को प्रमुख सुख माना है। खेल अथवा व्यायाम स्वस्थ शरीर के लिए अतिआवश्यक है अर्थात शरीर को स्वस्थ रखने के लिए खेल अथवा व्यायाम की उतनी ही आवश्यकता है जितनी की जीवन में जीने के लिए भोजन और पानी की। विद्यार्थी जीवन मानव जीवन की आधारशिला है। अध्ययन के साथ–साथ व्यायाम मनुष्य के सर्वांगीण विकास में सहायक है, जो विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के साथ–साथ खेलो को बराबर का महत्व देते हैं वे प्रायः कुशाग्र बुद्धि के होते हैं। वे तन और मन दोनो से ही पूर्ण रूप से स्वस्थ होते हैं। खेलों से उनका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है। वे अन्य विद्यार्थियों की तुलना में अधिक चुस्त–दुरस्त होते है तथा उनमें धैर्य, सहनशीलता, क्षमा जैसे मानवीय गुणों का विकास अधिक होता है।

अतः विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए यह अनिवार्य है कि हम खेल और शिक्षा दोनो को ही बराबर का महत्व दें। देश के स्वस्थ एवं सुदृढ़ भविष्य के लिए प्रारम्भ से ही विद्यार्थियों को खेल के महत्व को समझाना चाहिए, जिससे नई प्रतिभाओं को उचित अवसर प्राप्त हो सके।

उपरोक्त तथ्यों के आलोक मे सत्र 2017–2018 के अन्तर्गत महाविद्यालय में खेल के विभिन्न आयोजनों मे से प्रमुख गतिविधियो का विवरण आपके समक्ष प्रस्तुत है–

**मृत्युंजय कुमार सिंह**
क्रीड़ा अधीक्षक











# योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता

## 19 सितम्बर, 2017

दिनांक 19.09.2017 को महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी ने किया। उन्होनें खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि, ''खेल, शारीरिक, मानसिक, मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा है। यह व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। खेल व्यक्ति के अन्दर प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता को लाता है।'' इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुल 35 छात्र तथा बालिका वर्ग मे 15 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

शाम तक चले इस प्रतियोगिता का निर्णायक मैच बालक वर्ग मे एम.एस–सी. द्वितीय वर्ष के छात्र आकाश चौबे और बी.ए.प्रथम वर्ष के छात्र सोनू के बीच खेला गया। जिसमें आकाश चौबे को विजेता तथा सोनू को उपविजेता घोषित किया गया। बालिका वर्ग के निर्णायक मैच मे एम.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा राधिका को विजेता तथा बी.काम. प्रथम वर्ष की छात्रा खुशबू कुमारी को उपविजेता का सम्मान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्री सुबोध मिश्र ने खिलाड़ियो का पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। अन्त मे क्रीड़ा प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, सुश्री दीप्ती गुप्ता, श्रीमती शिप्रा सिंह, श्री विनय कुमार सिंह तथा छात्र उपस्थित रहें।



**शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र**





शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र





शतरंज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्राएँ

















शतरंज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए डॉ0 अभिषेक सिंह











शतरंज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए श्री सुबोध मिश्र



शतरंज प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी











## समाचार पत्र मे प्रकाशित...

गोरखपुर। बुधवार • 13 सितम्बर • 2017

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

### शतरंज प्रतियोगिता

**गोरखपुर**। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता आयोजित का शुभारंभ डा. प्रकाश प्रियदर्शी ने किया। प्रतियोगिता में आकाश चौबे विजेता और सोनू उप विजेता रहे। बालिका वर्ग में राधिका प्रथम और छात्रा खुशबू कुमारी द्वितीय स्थान पर रहीं। समापन पर सुबोध मिश्र ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। आभार ज्ञापन क्रीड़ा प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया। इस मौके पर डा. अभिषेक सिंह, डा. प्रज्ञेश मिश्र, सुश्री दीप्ति गुप्ता, श्रीमती शिप्रा सिंह, विनय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

हिन्दुस्तान गोरखपुर • मंगलवार • 12 सितम्बर 2017 •

### आकाश व राधिका ने जीती शतरंज प्रतियोगिता

**गोरखपुर**। महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय जंगल धूसड़ में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों के वर्ग में प्रतियोगिता के विजेता आकाश चौबे बने जबकि छात्राओं के वर्ग में राधिका को विजेता घोषित किया गया। इतिहास विभाग के प्रभारी सुबोध मिश्र ने विजई प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. प्रकाश प्रियदर्शी ने किया। क्रीड़ा प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. अभिषेक सिंह, डॉ. प्रज्ञेश मिश्र, दीप्ती गुप्ता आदि रहे।











# दो दिवसीय योग कार्यशाला

## 22–23 सितम्बर, 2017

महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज जंगल धूसड़ में क्रीड़ा विभाग एवं बी.एड. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय योग कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए भारतीय रेलवे में योग प्रशिक्षक डॉ. जयंतनाथ ने कहा कि योग मानव जीवन के लिए अपरिहार्य हो गया है। योग के द्वारा न सिर्फ व्यक्ति अपने मन पर नियंत्रण करता है बल्कि उत्पन्न पाश्विक प्रवृत्तियों पर भी विजय पाता है। मस्तिष्क की एकाग्रता निर्माण के लिए योग रामबाण है। योग जीवन जीने की विधा है। योग के माध्यम से हम अपने अस्तित्व, अपनी चेतना के साथ एकाकार होते है। वर्तमान परिदृश्य में भाग दौड़ एवं असयंमित जीवन में योग को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। योग मानसिक मजबूती के साथ शारीरिक सामर्थ्य बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। आज पूरी दुनिया जिस योग के पीछे भाग रही है, वह भारत का ही दुनिया को दिया गया योग दर्शन है। उन्होंने योग की महत्ता को बताते हुए कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। योग अभ्यास शरीर एवं मन विचार एवं कर्म आत्मसंयम एवं पूर्णता की एकात्मकता तथा मानव एवं प्रकृति के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। यह स्वास्थ्य एवं कल्याण का पूर्णतावादी दृष्टिकोण है योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि स्वयं के साथ विश्व एवं प्रकृति के साथ एकत्व खोजने का भाव है। योग हमारी जीवन शैली में परिवर्तन लाकर हमारे अंदर जागरूकता उत्पन्न करता है तथा प्राकृतिक परिवर्तनों से शरीर में होने वाले बदलाव को सहन करने मे सहायक हो सकता है। डॉ. जयंतनाथ ने प्रशिक्षुओं को योग के बड़े सरल तरीके बताये। गर्दन, कमरदर्द एवं अनिद्रा आदि बीमारियों के लिए योग के आसान तरीके बताये इस कार्यक्रम में बी.एड. विभाग के विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रभारी शिप्रा सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''योग का प्रयोग आंतरिक विज्ञान के रूप में भी किया जाता है जो विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाओं का सम्मिलिन है, जिसके माध्यम से मानव शरीर एवं मन के बीच सामंजस्य स्थापित कर आत्म साक्षात्कार करता है।









बी0एड्0 के छात्राध्यापकों को योग सिखाते हुए डॉ0 जयंत नाथ

समाचार पत्र मे प्रकाशित...

गोरखपुर • शनिवार • 23 सितम्बर 2017 हिन्दुस्तान 08

# मस्तिष्क की एकाग्रता के लिए रामबाण है योग

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के बीएड विभाग में दो दिवसीय योग कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर भारतीय रेलवे में योग प्रशिक्षक डॉ. जयंतनाथ ने कहा कि योग मानव जीवन के लिए अपरिहार्य हो गया है। योग द्वारा न सिर्फ अपने मन पर नियंत्रण करता है बल्कि उत्पन्न पाशुविक प्रवृत्तियों पर भी विजय पाता है।

उन्होंने कहा कि मस्तिष्क की एकाग्रता निर्माण के लिए योग रामबाण है। योग जीवन जीने की विधा है। योग के माध्यम से हम अपने अस्तित्व, अपनी चेतना के साथ एकाकार होते हैं। वर्तमान परिदृश्य में भाग दौड़ एवं असंयमित जीवन ने योग को और भी महत्वपूर्ण बना दिया है। योग मानसिक मजबूती के साथ शरीरिक सामर्थ्य बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने योग की महत्ता बताते हुए कहा कि योग प्राचीन भारतीय परम्परा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। डॉ. जयंतनाथ ने प्रशिक्षुओं को योग के कई सरल तरीके बताए। गर्दन, कमर दर्द एवं अनिद्रा आदि बीमारियों के लिए योग के आसान तरीके समझने के बाद विद्यार्थी एवं शिक्षकों ने अभ्यास किया। बीएड विभाग की प्रभारी शिप्रा सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योग का प्रयोग आंतरिक विज्ञान के रूप में भी किया जाता है जो विभिन्न प्रकार की प्रक्रियाओं का सम्मिलन है।











# युगपुरूष ब्रह्मलीन महन्त अवेद्यनाथ स्मृति कैरम प्रतियोगिता

## 04 अक्टूबर, 2017

दिनांक 04.10.2017 को महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज जंगल धूसड़ गोरखपुर में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुल 22 तथा बालिका वर्ग मे 8 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर वाणिज्य विभाग के प्रवक्ता श्री नंन्दन शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि ''खेल भावना एक दृष्टिकोण है, जो ईमानदारी पूर्वक खेलने, टीम के साथियों और विरोधियों के प्रति शिष्टाचार बरतने, नैतिक व्यवहार और सत्यनिष्ठा दिखाने तथा जीत या हार में बड़प्पन के प्रदर्शन की प्रेरणा देता है।''

शाम तक चले इस प्रतियोगिता का निर्णायक मैच बालक वर्ग में बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष के छात्र यशवंत गौर, ऋषि सैनी तथा बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष के छात्र विशाल सिंह, अभिषेक मद्धेशिया के बीच खेला गया। जिसमे विशाल सिंह और अभिषेक मद्धेशिया ने यशवंत गौर और ऋषि सैनी को पराजित कर विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के निर्णायक मैच में बी0काम0 द्वितीय वर्ष की छात्रा कृति मद्धेशिया तथा शिवांगी पाण्डेय ने बी0एस–सी प्रथम वर्ष की छात्रा माधुरी उपाध्याय और ज्योति सिंह को पराजित किया। इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर कम्प्यूटर सांइस विभाग के प्रवक्ता श्री विरेन्द्र तिवारी ने खिलाड़ियो को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। अन्त मे क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक डॉ0 अभिषेक सिंह, श्री नवनीत सिंह, डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र, श्रीमती कविता मन्ध्यान, श्रीमती शिप्रा सिंह तथा छात्र–छात्राएं उपस्थिति रहे।









कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय की छात्र







कैरम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएं



















कैरम प्रतियोगिता में विजयी छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते
श्री नन्दन शर्मा















कैरम प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान करते श्री विरेन्द्र तिवारी













## समाचार पत्र मे प्रकाशित...

AMAR UJALA 05/10/2017

### कैरम में कृति और शिवांगी ने मारी बाजी

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ गोरखपुर में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में कुल 22 तथा छात्रा वर्ग मे आठ ने चुनौती पेश की। छात्र वर्ग में बीएससी तृतीय वर्ष के विशाल सिंह और अभिषेक मद्धेशिया ने अपनी ही क्लास के यशवंत गौर और ऋषि सैनी को पराजित किया। छात्रा वर्ग के निर्णायक मैच में बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा कृति मद्धेशिया तथा शिवांगी पांडेय ने बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा माधुरी उपाध्याय और ज्योति सिंह को पराजित किया।

DAINIK JAGRAN 05/10/2017

### कैरम प्रतियोगिता के विजेता बने विशाल और अभिषेक

**गोरखपुर :** एमपी पीजी कालेज, जंगल धूसड़ में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति एक दिवसीय कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुल 22 तथा बालिका वर्ग मे 8 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का निर्णायक मैच बालक वर्ग में बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र यशवंत गौर, ऋषि सैनी तथा बीएससी तृतीय वर्ष के छात्र विशाल सिंह, अभिषेक मद्धेशिया के बीच खेला गया। इसमें विशाल सिंह और अभिषेक मद्धेशिया ने यशवंत और ऋषि सैनी को पराजित कर विजेता होने का सम्मान प्राप्त किया। बालिका वर्ग के निर्णायक मैच में बीकाम द्वितीय वर्ष की छात्रा कृति तथा शिवांगी ने बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा माधुरी और ज्योति को पराजित किया।











# संस्थापक सप्ताह समारोह
# योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति वालीबाल प्रतियोगिता
## 15 नवम्बर, 2016

आज दिनांक 15.11.2017 को संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत महाविद्यालय में योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता मे बालक वर्ग के कुल 5 तथा बलिका वर्ग में 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता का शुभांरम्भ अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मन्ध्यान ने किया। उन्होने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि **''नियमित रूप से खेल खेलना मानसिक कौशल को विकसित करने में मदद करता है। यह एक व्यक्ति के मनौवैज्ञानिक कौशल में भी सुधार करता है। यह प्रेरणा, साहस, अनुशासन और एकाग्रता को लाता है''**

वॉलीबाल प्रतियोगिता बालक वर्ग का फाइनल मैच कला संकाय तथा छात्र संघ के बीच खेल गया। कला संकाय ने छात्र संघ को 25–21, 21–25 और 25–23 से हराकर विजेता को सम्मान प्राप्त किया। कला संकाय के खिलाड़ी आकाश सहानी का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। बलिका वर्ग में रानी दुर्गावती और लक्ष्मीबाई टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें लक्ष्मीबाई टीम ने रानी दुर्गावती टीम को 25–11, 25–10 से पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया तथा निर्णायक के रूप में डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र तथा डॉ0 अभिषेक सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के अन्त में क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



















वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र



















वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र



















वालीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएं

## समाचार पत्रों में प्रकाशित....

हिन्दुस्तान • गोरखपुर • गुरुवार • 16 नवम्बर 2017 • 08

# वॉलीबाल : छात्रों में कला संकाय छात्राओं में लक्ष्मीबाई टीम विजेता

**गोरखपुर | कार्यालय संवाददाता**

संस्थापक सप्ताह समारोह के महाराणा प्रताप महाविद्यालय, जंगल धूसड़ में योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्र वर्ग से कला संकाय की टीम और छात्रा वर्ग से लक्ष्मीबाई टीम विजेता बनी। प्रतियोगिता मे बालक वर्ग के 5 तथा बलिका वर्ग में 4 टीमों ने भाग लिया।

शुभांरम्भ अंग्रेजी विभाग की प्रभारी कविता मन्ध्यान ने किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता छात्र वर्ग का फाइनल मैच कला संकाय तथा छात्र संघ के बीच खेल गया। कला संकाय ने छात्र संघ को 25-21, 21-25 और 25-23 से हराकर विजेता को सम्मान प्राप्त किया। कला संकाय के खिलाड़ी आकाश सहानी का प्रदर्शन सराहनीय रहा। छात्रा वर्ग में रानी दुर्गावती और लक्ष्मीबाई टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें लक्ष्मीबाई टीम ने रानी दुर्गावती टीम को 25-11, 25-10 से पराजित कर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। निर्णायक के रूप में डॉ. प्रज्ञेश मिश्र तथा डॉ. अभिषेक सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के अन्त में क्रीड़ा प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय में 15 नवम्बर को संस्थापक समारोह के तत्वावधान में उदीयमान कवि सम्मेलन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर बीए भाग दो के दुर्गेश सहानी, बीए भाग एक की आराधना गौड़ और बीएड भाग एक के सच्चिदानन्द यादव रहे।











# संस्थापक सप्ताह समारोह
# विरांगना ऊदा देवी स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता
## 16 नवम्बर 2017

दिनांक 16.11.2017 को महाराणा प्रताप पी.जी. कॉलेज, जंगल धूसड़ में संस्थापक सप्ताह समारोह के अन्तर्गत **विरांगना ऊदा देवी स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ अंग्रेजी विभाग की प्रभारी श्रीमती कविता मंध्यान के द्वारा किया गया। उन्होंने खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि, ''मानव जीवन में अनेक प्रकार की परेशानियाँ एवं तनाव है तथा लोग विभिन्न प्रकार की चिन्ताओं से घिरे रहते हैं। खेल कूद हमे इन परेशानियो, तनावो एवम् चिंताओ से मुक्त करती है।''

इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कुल पाँच टीम तथा बालिका वर्ग मे तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग का फाइनल मैच रानी लक्ष्मीबाई टीम और रानी दुर्गावती टीम के मध्य खेला गया जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम ने रानी दुर्गावती टीम को 28–25 से हराकर विजेता का सम्मान प्राप्त किया। लक्ष्मीबाई टीम की सोनल पाठक और कुमकुम चौहान का प्रदर्शन बड़ा ही सराहनीय रहा। बालक वर्ग में फाइनल मैच छात्रसंघ टीम और योगीराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम टीम के बीच हुआ। जिसमें योगीराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम टीम को विजेता घोषित किया गया। इस मैच में शैलेश कुमार चौरसिया तथा पिंटू कुमार सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

निर्णायक के रूप में मनीष शर्मा, विशाल सिंह, डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 अभिषेक सिंह, श्री नन्दन शर्मा, श्री गोविन्द प्रसाद मौजूद रहें।

इस अवसर पर बी.एड. विभाग की प्रभारी श्रीमती शिप्रा सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा क्रीड़ा समिति के प्रभारी श्री मृत्युंजय सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

















कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएं

















कबड्डी प्रतियोगिता में दर्शक की भूमिका में महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी

















कबड्डी प्रतियोगिता के प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र



कबड्डी प्रतियोगिता के प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र



कबड्डी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के साथ महाविद्यालय के शिक्षकगण











**समाचार पत्र प्रकाशित.......**



अमर उजाला

गोरखपुर 5

शुक्रवार, 17 नवंबर 2017

## रानी लक्ष्मीबाई टीम विजयी

गोरखपुर। एमपीपीजी कॉलेज, जंगल धूसड़ में कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के फाइनल में रानी लक्ष्मीबाई टीम ने रानी दुर्गावती को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं बालक वर्ग का फाइनल योगीराज बाबा गंभीरनाथ सेवाश्रम ने जीता।











# योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति कैनवस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता

## 24-26 दिसम्बर, 2017

योगिराज बाबा गम्भीरनाथ स्मृति कैनवास बॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ दिनांक 24–26 दिसम्बर, 2017 को महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़ के क्रीड़ांगन में हुआ। इस प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वाणिज्य संकाय के प्रभारी डॉ0 राजेश शुक्ला ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ''खेल वह दर्पण है जिसमें खिलाड़ियों की क्षमताओ का प्रतिबिम्ब परिलक्षित होता है। खेल के द्वारा व्यक्ति के अन्दर सहयोग, सहानुभूति, नेतृत्व व अनुशासन आदि गुणों का विकास होता है।''

इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच विज्ञान संकाय तथा कला संकाय टीम के मध्य खेला गया। इस मैच में कला संकाय ने विज्ञान संकाय को 10 विकेट से पराजित किया। प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम तथा महन्त दिग्विजयनाथ टीम के मध्य खेला गया जिसमें योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम की टीम 7 रनों विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल कला संकाय तथा छात्रसंघ के मध्य खेला गया, जिसमें कला संकाय ने छात्रसंघ को 4 विकेट से पराजित किया।

तीन दिनों तक चलने वाले योगिराज बाबा गम्भीर नाथ स्मृति कैनवस बॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच दिनांक 26.12.2017 को योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम तथा कला संकाय के बीच खेला गया। योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम की टीम ने पहले खेलते हुए 11.4 ओवरों में 81 रन बनाया। इसके जवाब में कला संकाय की टीम 6.4 ओवर में 82 रनों के लक्ष्य को प्राप्त कर 8 विकेट से जीत हासिल की और इस प्रतियोगिता की विजेता टीम घोषित हुई।

प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजनीति शास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ0 अविनाश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। मैच ऑफ द मैच विशाल प्रताप सिंह को तथा मैच ऑफ द सीरीज श्याम बिहारी जायसवाल को दिया गया। अम्पायर के रूप में दीपक प्रजापति तथा सुदर्शन चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण – डॉ0 अभिषेक सिंह, श्री अभिषेक वर्मा, डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र, श्री सुबोध कुमार मिश्र, श्री नन्दन शर्मा, डॉ0 कृष्ण कुमार, डॉ0 सौरभ सिंह, श्री संजय जायसवाल, डॉ0 यशवंत राव, श्री प्रकाश प्रियदर्शी सहित भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी श्री मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।














प्रतियोगिता के आरम्भ में राष्ट्रगान के समय सावधान मुद्रा में खिलाड़ी



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए डॉ0 राजेश शुक्ल



क्रिकेट प्रतियोगिता में टॉस कराते महाविद्यालय के शिक्षक



क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र



क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र








क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र















क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र



क्रिकेट का लुत्फ लेते हुए महाविद्यालय के छात्र एवं शिक्षकगण







क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र







क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र













उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षक



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षक













विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षक





विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षकगण



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षकगण














विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षकगण




विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षकगण











## समाचार पत्र में प्रकाशित......

30 • गोरखपुर • बुधवार • 27 दिसम्बर 2017 • **हिन्दुस्तान** | आज का दिन 2007 में पाकिस्तान की पूर्व प्रधानमंत्री

### क्रिकेट प्रतियोगिता : कला संकाय व योगिराज गंभीर नाथ सेवाश्रम के बीच खेला गया फाइनल मैच

# कला संकाय की टीम बनी विजेता

**गोरखपुर | कार्यालय संवाददाता**

तीन दिनों तक चलने वाले योगिराज बाबा गम्भीर नाथ स्मृति कैनवस बॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मंगलवार को योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम तथा कला संकाय के बीच खेला गया। इसमें कला संकाय की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया था। मैन ऑफ द मैच विशाल प्रताप सिंह व मैन ऑफ सिरीज श्याम बिहारी जायसवाल रहे।

सेवाश्रम की टीम ने पहले खेलते हुए 11.4 ओवरों में 81 रन बनाया। इसके जवाब में कला संकाय की टीम ने 6.4 ओवर में 82 रनों का लक्ष्य हासिल कर लिया और 8 विकेट से जीत हासिल की। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजनीति शास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. अविनाश प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।

अम्पायर के रूप में दीपक प्रजापति तथा सुदर्शन चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. अभिषेक सिंह, अभिषेक वर्मा, डॉ. प्रज्ञेश कुमार मिश्र, सुबोध कुमार मिश्र, नन्दन शर्मा, डॉ. कृष्ण कुमार, डॉ. सौरभ सिंह, संजय जायसवाल, डॉ. यशवंत राव, प्रकाश प्रियदर्शी सहित भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित रहे।



एमपीपीजी कॉलेज में योगीराज बाबा गम्भीर नाथ कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता कला संकाय को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ 24 दिसंबर को महाराणा प्रताप पीजी कालेज, जंगल धूसड़ के क्रीडांगन में हुआ था। इस प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच विज्ञान संकाय तथा कला संकाय टीम के बीच खेला गया। इस मैच में कला संकाय ने विज्ञान संकाय को 10 विकेट से पराजित किया।

**सेमी फाइनल मुकाबले :** प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच योगिराज बाबा गम्भीर नाथ सेवाश्रम तथा महन्त दिग्विजयनाथ टीम के मध्य खेला गया जिसमें योगिराज बाबा गम्भीरनाथ सेवाश्रम की टीम सा रनों विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल कला संकाय तथा छात्रसंघ के मध्य खेला गया जिसमें कला संकाय छात्रसंघ को चार विकेट से पराजि किया। समापन अवसर पर क्रीड़ा प्रभा मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्र आभार व्यक्त किया।




# भारत-भारती पखवारा
# वार्षिक क्रीड़ा समारोह
## 21–22 जनवरी, 2018

शैक्षिक संस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों में केवल मानसिक कौशल विकसित करना ही नहीं है, अपितु खेल के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास करना भी है। उपर्युक्त बातें वाणिज्य संकाय के सहायक आचार्य डॉ0 नन्दन शर्मा ने भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत 21–22 जनवरी, 2018 को होने वाले द्वि–दिवसीय वार्षिक एथलेटिक्स मीट के उद्घाटन अवसर पर महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज के क्रीड़ागन में खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहीं।

इस प्रतियोगिता में 100 मी0 (बालक वर्ग) में अश्वनी प्रजापति (बी0कॉम तृतीय वर्ष), सुबोध यादव (बी0ए0 तृतीय वर्ष) तथा पंकज कुमार यादव (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग में बी0कॉम0 तृतीय वर्ष की छात्रा कुमकुम चौहान प्रथम, बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा श्रेयसी सिंह द्वितीय तथा गायत्री सिंह चौहान (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं।

200 मी0 (बालक वर्ग) में बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष के छात्र अजय सिंह ने प्रथम, बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष के छात्र आकाश यादव ने द्वितीय तथा बी0कॉम0 प्रथम वर्ष के छात्र श्याम बिहारी जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मी0, बालिका वर्ग में कुमकुम चौहान (बी0कॉम0 तृतीय वर्ष), गायत्री सिंह चौहान (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) तथा श्रेयसी सिंह (बी0ए0 तृतीय वर्ष) ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र**



**दौड़ लगाते महाविद्यालय के छात्र**

400 मी0 (बालक वर्ग) प्रतियोगिता में अजय सिंह (बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष) ने प्रथम, पंकज कुमार यादव (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा आकाश यादव (बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 800 मी. (बालक वर्ग) में पंकज कुमार यादव (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) प्रथम स्थान पर रहे जबकि सोमनाथ कन्नौजिया (बी0एड0 द्वितीय वर्ष) तथा दयानन्द चौहान (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) ने क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र**

लम्बी कूद (बालक वर्ग) की प्रतियोगिता में बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र दयालू चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अश्वनी प्रजापति (बी0कॉम तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान तथा अजय सिंह (बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे। लम्बी कूद, बालिका वर्ग में कुमकुम चौहान (बी0कॉम तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी खुशबू तथा तृतीय स्थान पर एम0कॉम0 द्वितीय वर्ष की छात्रा तेजश्विनी यादव रही।



लम्बी कूद प्रतियोगिता की दूरी मापते हुए शिक्षक व छात्र



लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र















लम्बी कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र













गोला क्षेपण (बालक वर्ग) में एम0कॉम0 अन्तिम वर्ष के छात्र सिद्धार्थ कुमार शुक्ल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दयालू चौहान (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान तथा विशाल शुक्ल (बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष) तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग (गोला क्षेपण) में श्रेयसी सिंह (बी0ए0तृतीय वर्ष), माधवी पाण्डेय (बी0एस–सी0 प्रथम वर्ष) तथा कुमारी खुशबू (बी0ए0 द्वितीय वर्ष) क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहीं।



**गोला क्षेपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र**



**गोला क्षेपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती महाविद्यालय का छात्रा**





गोला क्षेपण बालक वर्ग में सिद्धार्थ कुमार शुक्ल (एम०कॉम० प्रथम वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्याम बिहारी जायसवाल (एम०कॉम० प्रथम वर्ष) ने द्वितीय तथा बी०कॉम० तृतीय वर्ष के छात्र अश्वनी प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**गोला क्षेपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के विद्यार्थी**

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर प्राचीन इतिहास विभाग ने सहायक आचार्य श्री सुबोध कुमार मिश्र ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि, 'मानव के अन्दर बहुत से आवेग और मनोभाव होते है और यदि इन्हे बाहर नहीं निकाला जाये तो व्यक्ति कुण्ठित तथा अवसाद से ग्रसित हो जाता है। खेल इन आवेगों को निकालने का सबसे अच्छा माध्यम है।' श्री सुबोध कुमार मिश्र तथा श्री नन्दन शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया। निर्णायक के रूप में डॉ० अभिषेक सिंह, डॉ० प्रज्ञेश कुमार मिश्र, क्रीड़ा प्रभारी डॉ० मृत्युंजय कुमार सिंह रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र संघ महामंत्री श्री रवि प्रताप नागवंशी सहित भारी संख्या में छात्र/छात्राएँ उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अन्त में क्रीड़ा प्रभारी डॉ० मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।





**भाला क्षेपण प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता महाविद्यालय का छात्र**














विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते महाविद्यालय के शिक्षक

















ऐथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी

# भारत-भारती पखवारा
# योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्मृति बैडमिण्टन् प्रतियोगिता
## 23 जनवरी, 2018

एक स्वस्थ्य शरीर ही स्वस्थ्य मस्तिष्क को धारण करने की क्षमता रखता है। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में क्रीड़ा का योगदान अप्रतिम है। खेल सभी के व्यस्त जीवन में विशेष रूप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक सुकून और आराम का जीवन जीने के लिए हम सभी को स्वस्थ्य मस्तिष्क और स्वस्थ्य शरीर की आवश्यकता होती है। स्वस्थ्य शरीर और मस्तिष्क प्राप्त करने के लिए हम सभी को किसी न किसी प्रकार की शारीरिक गतिविधियों में अवश्य संलग्न रहना चाहिए। विविध प्रकार की क्रीड़ाएं जैसे– कुश्ती, बैडमिण्टन, वालीबाल इत्यादि शरीर को स्वस्थ्य और मस्तिष्क को प्रखर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं। उक्त बाते महाराणा प्रताप पी0जी0 कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर में भारत–भारती पखवारा के अन्तर्गत आयोजित महन्त अवेद्यनाथ स्मृति बैडमिण्टन प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने कही।

बालिका वर्ग में फाइनल मैच में शिप्रा वर्मा (बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष) तथा प्रिया गुप्ता (बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष) ने राखी चौरसिया (बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष) तथा कशिश सिंह (बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष) को 21–17, 12–21, 21–19 के कड़े संघर्ष में पराजित किया।

बालक वर्ग के फाइनल मैच में ऋषभ शर्मा (एम0कॉम0 प्रथम वर्ष) तथा अनुज कुमार श्रीवास्तव (एम0कॉम0 प्रथम वर्ष) ने नितीश रंजन (बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष) तथा अभिषेक भट्टाचार्या (बी0कॉम0 प्रथम वर्ष) को 21–18, 19–21, 21–19 से पराजित किया। तृतीय स्थान के लिए होने वाले मैच में पिण्टू सिंह (बी0एस–सी0 द्वितीय वर्ष) तथा दिशांत श्रीवास्तव (बी0कॉम0 द्वितीय वर्ष) ने मयंक तिवारी (एम0ए0 प्रथम वर्ष) तथा श्याम बिहारी (बी0कॉम0 प्रथम वर्ष) को 21–19, 21–14 से पराजित किया।













**प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त करते महाविद्यालय के शिक्षक**



प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ0 विजय कुमार चौधरी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। निर्णायक के रूप में श्री ब्रम्हानन्द पाण्डेय तथा डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अन्त में क्रीड़ा प्रभारी डॉ0 मृत्युंजय कुमार सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।



















बैडमिंटन में प्रतिभाग करती महाविद्यालय की छात्राएँ



















बैडमिण्टन प्रतियोगिता के प्रतिभाग करते हुए महाविद्यालय के छात्र

















खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए डॉ0 प्रज्ञेश कुमार मिश्र
















खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए डॉ0 विजय कुमार चौधरी





**बैडमिण्टन प्रमियोगिता के विजयी छात्र**

## समाचार पत्र मे प्रकाशित...

# बैडमिंटन प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

## महंत अवेद्यनाथ की स्मृति में प्रतियोगिता आयोजित

**न्यूफ्लॉ न्यूज**

जंगल धूसड़। महाराणा प्रताप पीजी कालेज जंगल धूसड़ में मंगलवार को भारत-भारती पखवारा के अन्तर्गत आयोजित महंत अवेद्यनाथ स्मृति बैडमिंटन प्रतियोगिता का उद्घाटन महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य डा. विजय कुमार चौधरी ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ्य शरीर ही स्वस्थ्य मस्तिस्क को धारण करने की क्षमता रखता है। व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में क्रीड़ा का योगदान जरूरी है। खेल सभी के व्यस्त जीवन में विशेष रूप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में फाइनल मैच में शिप्रा वर्मा (बीएससी तृतीय वर्ष) तथा प्रिया गुप्ता (बीएससी तृतीय वर्ष) ने राखी चैरसिया (बीएससी तृतीय वर्ष) तथा कशिश सिंह (बीएससी तृतीय वर्ष) को 21-17, 12-21, 21-19 के कड़े संघर्ष में पराजित किया। बालक वर्ग के फाइनल मैच में ऋषभ शर्मा (एमकॉम प्रथम वर्ष) तथा अनुज कुमार श्रीवास्तव (एमकॉम प्रथम वर्ष) ने नितीश रंजन (बीकाम द्वितीय वर्ष) तथा अभिषेक भट्टाचार्या (बीकॉम प्रथम वर्ष) को 21-18, 19-21, 21-19 से पराजित किया।



पुरस्कृत विजेता छात्र। न्यूफ्लॉ फोटो

तृतीय स्थान के लिए होने वाले मैच में पिण्टू सिंह (बीएससी द्वितीय वर्ष) तथा दिशांत श्रीवास्तव (बीकाम द्वितीय वर्ष) ने मयंक तिवारी (एमए प्रथम वर्ष) तथा श्याम बिहारी (बीकॉम प्रथम वर्ष) को 21-19, 21-14 से पराजित किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डा.विजय कुमार चौधरी ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। निर्णायक के रूप में ब्रम्हानन्द पाण्डेय तथा डा. प्रतेश कुमार मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।











# राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर

21–26 फरवरी, 2018

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में प्रातः कालीन सभा में ताईक्वांडो का प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए स्वयं सेवक/सेविकाएं।















राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर में प्रातः कालीन सभा में योग करते हुए स्वयं सेविकाएँ।

